6 'उ' की मात्रा (ु)

उ ु

उल्लू

गुलाब

जुराब

चुहिया

कछुआ

पुल	चुप	सुन	बुरा	दुकान	लुकाट	घुटना
कुरता	जामुन	गुलाबी	चुनरी	कुरसी	पुजारी	कुसुम

पढ़ो–

गुड़िया सुन मुरली की धुन
सुन सुन गुड़िया सुन।
मुरली की धुन पर गा गाना।
सुन कर मुरली की धुन।
ठुमक-ठुमक कर ता-ता-थइया
नाच जरा अब हाथ उठा कर।
ठुनक-ठुनक ठुन-ठुन
सुन सुन गुड़िया सुन।

सही वर्ण भरकर पूरा करो-

पु	ल	(पु/पि)
मु	रली	(मा/मु)
खु	श	(खु/खि)
दु	कान	(दी/दु)
गु	ड़िया	(गु/गा)

संकेत–अध्यापक/अध्यापिका बच्चों से खाली | | में स्टीकर चिपकाने को कहें।

Scanned with CamScanner

बुलबुल और बगुला

एक थी बुलबुल एक था बगुला,
उनका नित चलता था झगड़ा।
जब बुलबुल का छिड़ा तराना,
सुनकर बगुला हुआ दीवाना।
बुलबुल की सुनकर आवाज़,
फिर बगुला भी आया पास।
गाना सुन, दी बहुत बधाई,
अब बुलबुल कुछ-कुछ शरमाई।
आसमान पर लाली छाई,
फिर एक तितली उड़ती आई।
नई सुबह सिखलाती आई,
झगड़ा नहीं काम कर भाई।

अभ्यास

1. सही ✓ का निशान लगाओ–

(क) बुलबुल और बगुले में क्या चलता था? (झगड़ा/रगड़ा)

(ख) बुलबुल ने क्या छेड़ा? (तराना/नहाना)

(ग) बगुले ने बुलबुल को क्या दिया? (बधाई/मिठाई)

Scanned with CamScanner

चुटकी चुहिया

एक चुहिया थी। चुहिया का नाम चुटकी था। चुटकी दुकान पर जाती थी। एक दिन उधर एक बुढ़िया मिली। बुढ़िया पुड़िया बना रही थी। चुटकी चुपचाप पुड़िया उठाकर भाग गई। पुड़िया गुड़ से भरी थी। चुटकी पुड़िया कुतर रही थी। पुड़िया खुल गई। चुटकी गुड़ खा रही थी। गुड़ खाकर चुटकी खुश हुई।

Scanned with CamScanner

अभ्यास

1. रिक्त स्थान भरो–

कुतर   खुल   चुहिया   पुड़िया

(क) एक ......चुहिया...... थी।

(ख) बुढ़िया ......पुड़िया...... बना रही थी।

(ग) चुहिया ......कुतर...... रही थी।

(घ) पुड़िया ......खुल...... गई।

2. सही उत्तर पर ✓ लगाओ–

(क) चुहिया का क्या नाम था? (चुटकी / मुटकी)

(ख) चुटकी कहाँ जाती थी? (दुकान / मकान)

(ग) चुहिया क्या उठाकर भागी? (चुहिया / पुड़िया)

'र' में 'ु' की मात्रा कहाँ लगाऊँ?

र + उ = रु

गुरु, रुपया, रुकना,

रुई, रुचि

Scanned with CamScanner

पाठ-6

'उ' की मात्रा

कठिन शब्द

1. मुरली
2. गुड़िया
3. बुलबुल
4. बगुला
5. चुहिया
6. चुटकी
7. दुकान
8. पुड़िया
9. गुड़
10. खुश
11. बुढ़िया
12. उधर
13. चुपचाप
14. सुबह
15. धुन
16. कुतर
17. खुल
18. कुसुम
19. कछुआ
20. गुलाबी

Scanned with CamScanner